आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 15.04.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कर्णप्रयाग में आयोजित बैशाखी धार्मिक पर्यटन, सांस्कृतिक एवं विकास मेला–2025 का वर्चुअल शुभारंभ किया।
- भारतीय सेना 18 अप्रैल को उत्तरकाशी से अल्ट्रा–एंड्योरेंस इवेंट– सूर्य देवभूमि चैलेंज शुरू करेगी, चैलेंज में देश के आम नागरिक भी ले सकेंगे हिस्सा।
- चमोली जिले के ज्योतिर्मठ के सलूड़–डुंग्रा गांव में 30 अप्रैल को विश्व सांस्कृतिक धरोहर ''रम्माण'' का आयोजन किया जाएगा।
- 'मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना' के अंतर्गत पंजीकरण की आज अंतिम दिन।

वर्चुअल उद्घाटन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली जिले के कर्णप्रयाग में आयोजित बैशाखी धार्मिक पर्यटन, सांस्कृतिक एवं विकास मेला–2025 का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने क्षेत्र के विकास से जुड़ी कई घोषणाएं भी कीं।

मुख्यमंत्री ने कर्णप्रयाग में सरस्वती शिशु मंदिर से बाजार की ओर पिंडर नदी पर बाढ़ सुरक्षा कार्य, बाजार के पास पार्किंग निर्माण, नंदा देवी राजजात यात्रा को ध्यान में रखते हुए कनखुल टैक्सी स्टैंड के पास बहुमंजिला पार्किंग, शिमली में मोटर पुल के पास पार्किंग और राजकीय इंटर कॉलेज से सांकरीसेरा, पलेठी और पाडली तक सड़क निर्माण की घोषणाएं कीं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह के मेले सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और लोक कलाकारों को मंच देने का कार्य करते हैं।

इस दौरान श्री धामी ने आपदा प्रभावित परिवारों के पुनर्वास को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए और कहा कि राज्य सरकार हर स्थिति में उनके साथ खड़ी है।

सूर्य देवभूमि चैलेंज

भारतीय सेना 18 अप्रैल से ''सूर्य देवभूमि चैलेंज'' के तहत एक अनूठे अल्ट्रा–एंड्योरेंस इवेंट का आयोजन कर रही है। साहस और सहनशक्ति से भरपूर यह आयोजन उत्तरकाशी जिले की नेलांग घाटी से शुरू होकर भटवाड़ी, बुड्ढा केदार और सोनप्रयाग तक पहुंचेगा। कार्यक्रम का एक्सपो, 17 अप्रैल को हर्षिल में होगा।

इस चैलेंज की शुरुआत नेलांग घाटी से 110 किलोमीटर लंबी साइक्लिंग रेस से होगी, जो ऊंचाई वाले दुर्गम और चुनौतीपूर्ण पहाड़ी क्षेत्रों से गुजरते हुए भटवाड़ी पहुंचेगी। अगले दिन 19 अप्रैल को 37 किलोमीटर लंबी रनिंग रेस का आयोजन भटवाड़ी से बुड्ढा केदार तक किया जाएगा। तीसरे और चौथे दिन प्रतिभागी गुतू होते हुए सोनप्रयाग तक पहुंचेंगे।

भारतीय सेना और उत्तराखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह आयोजन न केवल शारीरिक और मानसिक साहस की परीक्षा है, बल्कि भारतीय संस्कृति, प्राकृतिक विरासत और सशस्त्र बलों की वीरता का प्रतीक भी है। खास बात यह है कि यह आयोजन केवल सेना तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें देशभर के नागरिक भी भाग ले सकते हैं।

## मादक पदार्थ रोकथाम

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि मोदी सरकार मादक पदार्थों के नेटवर्क को जड़ से उखाड़ने पर काम कर रही है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने कहा कि देश की एजेंसियों ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा के पास से 18 सौ करोड़ रुपये मूल्य के तीन सौ किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किए हैं। गृह मंत्री ने कहा कि यह बरामदगी मादक पदार्थ मुक्त भारत बनाने की दिशा में एक और उपलब्धि है।

## स्वास्थ्य सुविधा सुधार

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल के प्रयासों से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में लगातार सुधार हो रहा है। जिला चिकित्सालय कोरोनेशन में ब्लड बैंक का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। लगभग एक करोड़ 43 लाख रुपए की लागत से बन रहा यह ब्लड बैंक इसी वित्तीय वर्ष में शुरू होने की उम्मीद है। इससे लोगों को ज़रूरत के समय रक्त के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

चिकित्सालय में ऑटोमेटेड पार्किंग और हिलांस कैंटीन का निर्माण कार्य भी अंतिम चरण में है। साथ ही डेडिकेटेड 'रक्त गरुड़' इलेक्ट्रिक वाहन की सुविधा भी जल्द शुरू की जा रही है, जिससे रक्त लेने में तीमारदारों को आसानी होगी।

एस.एस.एन.सी.यू की क्षमता को भी दोगुना किया जा रहा है और आशा घर, दवा काउंटर जैसी सुविधाएं पहले ही बढ़ा दी गई हैं। राज्य का पहला ऐसा वैक्सीनेशन सेंटर भी शुरू किया गया है, जो पूरे सप्ताह टीकाकरण की सुविधा देता है।

## अग्निशमन सेवा सप्ताह– जन जागरूकता

उत्तराखंड अग्निशमन एवं आपातकाल सेवा, पौड़ी द्वारा अग्निशमन सेवा सप्ताह की शुरुआत पौड़ी स्थित पुलिस लाइन से की गई। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों और आम लोगों ने भाग लिया।

इस जन–जागरूकता अभियान का उद्देश्य लोगों को आगजनी की घटनाओं के प्रति सजग बनाना और आपात स्थिति में जरूरी सावधानियों की जानकारी देना है।

फायर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अगर आम लोग कुछ प्राथमिक सावधानियां अपनाएं तो आग लगने की घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है।

अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत इस हफ्ते स्कूलों, कॉलेजों, अस्पतालों और सार्वजनिक स्थलों पर जाकर फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा फायर सेफ्टी डेमो, फायर ड्रिल और आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी जाएगी।

आरआईएमसी

राष्ट्रीय भारतीय सैन्य महाविद्यालय (आरआईएमसी), देहरादून ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक और सैन्य उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। आरआईएमसी के कैडेट इमोन घोष ने एनडीए–एनए 2025 परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर पहला स्थान प्राप्त कर देश और संस्थान को गौरवान्वित किया है। इमोन घोष पश्चिम बंगाल के मूल निवासी हैं।

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित परीक्षा में आरआईएमसी के कुल 28 कैडेट्स का चयन हुआ है, जो किसी एकल संस्थान से सर्वाधिक है और एक राष्ट्रीय कीर्तिमान भी

आरआईएमसी के कमांडेंट कर्नल राहुल अग्रवाल ने इस सफलता का श्रेय संस्थान में दिए जाने वाले चरित्र निर्माण, सैन्य नेतृत्व और अकादमिक उत्कृष्टता के समन्वय को दिया। उन्होंने कहा कि आरआईएमसी में उत्कृष्टता और दैनिक अनुशासन है और बल व विवेक हर कदम का मार्गदर्शक सिद्धांत है।

रम्माण आयोजन तिथि

चमोली जिले के ज्योतिर्मठ के सलूड़–डुंग्रा गांव में विश्व सांस्कृतिक धरोहर "रम्माण" का आयोजन इस वर्ष 30 अप्रैल को किया जाएगा। बैसाखी पर्व पर कल ग्रामवासियों की उपस्थिति में पंचायत पुरोहित द्वारा पंचांग गणना के बाद तिथि घोषित की गई।

रम्माण उत्सव प्रतिवर्ष बैसाख मास में आयोजित होता है और यह पारंपरिक विरासत आज की युवा पीढ़ी द्वारा भी उत्साह के साथ निभाई जा रही है। इस वर्ष जिला प्रशासन द्वारा मेला स्थल की सजावट की व्यवस्था की जा रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के भी रम्माण उत्सव में शामिल होने की संभावना है। संयोजक डॉ. कुशल भंडारी ने हाल ही में मुख्यमंत्री से भेंट कर उन्हें रम्माण मेले में आमंत्रित किया था।

पंजीकरण अंतिम तिथि

उत्तराखंड सरकार की 'मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना' के अंतर्गत पंजीकरण की आज अंतिम तिथि है। पूर्व में पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 मार्च थी, लेकिन इस बढ़ाकर पन्द्रह अप्रैल किया गया। राज्य के 14 से 23 वर्ष के उदीयमान खिलाड़ी खेल विभाग की वेबसाइट khelouk.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के तहत हर जिले से कुल दो सौ छात्रों का चयन किया जाएगा, जिसमें सौ बालक और सौ बालिकांए शामिल होंगी। इस तरह से पूरे राज्य से कुछ दो हजार छह सौ छात्र–छात्राओं का चयन किया जाएगा।

योजना के तहत चयनित खिलाड़ियों को प्रतिमाह दो हजार रुपए की छात्रवृत्ति और खेल उपकरणों की खरीद के लिए साल में एक बार दस हजार रुपए की आर्थिक सहायता दिये जाने का प्रावधान है।

पात्रता के लिए आवेदक का उत्तराखंड का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है और उसकी आयु 14 से 23 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदन के साथ आयु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, बैंक खाता विवरण, मोबाइल नंबर और पासपोर्ट साइज फोटो अनिवार्य रूप से अपलोड करने होंगे।

भूदेव ऐप

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों से भूकंप पूर्व चेतावनी देने वाले "भूदेव ऐप" को मोबाइल में डाउनलोड करने की अपील की है। यह ऐप उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और आईआईटी रुड़की के सहयोग से विकसित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड भूकंप की दृष्टि से अति संवेदनशील राज्य है क्योंकि इसका अधिकांश भाग सिस्मिक जोन–4 और जोन–5 में आता है।

वीडियो संदेश के माध्यम से मुख्यमंत्री ने नागरिकों से अनुरोध किया कि वे स्वयं ऐप डाउनलोड करें और अपने परिजनों व परिचितों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करें। यह ऐप पांच या उससे अधिक तीव्रता के भूकंप आने पर मोबाइल फोन में अलर्ट भेजता है।

आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास के सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि राज्यभर में 169 सेंसर और 112 सायरन लगाए गए हैं। भूकंप के समय निकलने वाली प्राइमरी तरंगों को ये सेंसर पहचान लेते हैं और यदि तीव्रता 5 से अधिक हो तो सेकेंडरी तरंगों के आने से 15 से 30 सेकेंड पहले मोबाइल पर अलर्ट भेजा जाता है, जिससे लोग समय रहते सतर्क हो सकें।

एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

पंजाब नेशनल बैंक में ऋण धोखाधड़ी का आरोपी व हीरा व्यापारी भगोड़ा मेहुल चौकसी की गिरफ्तारी की ख़बर आज सभी समाचार पत्रों की सुर्खियों में है। अमर उजाला लिखता है– 13 हजार 850 करोड़ के घोटाले का भगोड़ा आरोपी मेहुल बेल्जियम में गिरफ्तार। भारत के आग्रह पर गिरफ्तारी, प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू, भतीजा नीरव पहले से ही लंदन जेल में बंद।

प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में सड़क सुरक्षा को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। दैनिक जागरण समाचार पत्र के अनुसार अगले शैक्षणिक सत्र से व्यावस्था के लागू होने की उम्मीद है, जिसमें यातायात चिह्न व सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी जाएगी।

बिना छुट्टी पीएचडी कर रहे प्रोफेसरों की जांच होगी। हिंदुस्तान समाचार पत्र की ख़बर के अनुसार हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय से संबद्ध अशासकीय कॉलेजों के कई प्रोफेसर छुट्टी लिये बिना ही नियमित पीएचडी कर रहे हैं। इस पर उच्च शिक्षा निदेशालय ने ऐसे कॉलेजों को नोटिस भेजकर प्रोफेसरों की पीएचडी को लेकर जानकारी मांगी है।

हरिद्वार में बनेगा बाबा साहेब समरस्ता स्थला। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हवाले से शीर्षक देते हुये राष्ट्रीय सहारा समाचार ने यह सुर्खी दी है।

एक अन्य ख़बर पर राष्ट्रीय सहारा लिखता है– नवोदय प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी, 617 का चयन।